# बिहटा में जाम से निपटने को बनेगा वैकल्पिक मार्ग

## मंत्री विजय सिन्हा ने की पटना, भोजपुर व सारण के डीएम-एसपी के साथ बैठक

### समाधान की पहल

राज्य ब्यूरो, जागरण. पटनाः उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को कहा कि बिहटा में जाम की समस्या से निपटने को ले नगहर (एनएच-139) से परेब के बीच वैकल्पिक मार्ग बनेगा। इसके अतिरिक्त कन्हौली चौक से कोईलवर फोरलेन तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। बिहटा जाम के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी के साथ पटना, भोजपुर व सारण के डीएम-एसपी भी मौजूद थे।

पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने उप मुख्यमंत्री की बैठक में जाम को लेकर तथ्य प्रस्तुत किए। वहीं अपर आरक्षी महानिदेशक (यातायात) ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा में जाम की समस्या का निराकरण बहुत आवश्यक है। बैठक में यह बात सामने आयी कि नगहर से परेब के पास वैकल्पिक मार्ग का निर्माण होने से जाम की समस्या पर बहुत हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। यह सड़क 23 किमी लंबी होगी। इससे कनपा- बिक्रम से आने वाले वाहन बिना बिहटा चौक आए हुए भोजपुर की ओर जा सकेंगे।




बिहटा में जाम की समस्या पर बैठक करते उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा। • सौ : विभाग

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्हौली चौक से कोईलवर तक सड़क के चौड़ीकरण से जाम की समस्या बहुत हद तक दूर हो जाएगी। यह सड़क भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन है। बैठक में मौजूद प्राधिकरण के अधिकारी को इस बारे में निर्देश दिया गया। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने भोजपुर के मवभावन चौक से झंगा चौक (सारण) को जाने वाली पांच किमी सड़क के फ्लैंक की अविलंब मरम्मत का निर्देश दिया। इसके मरम्मत होने से भी जाम की समस्या बहुत हद तक दूर हो सकेगी।

### जंजाल बना राजीव नगर क्रासिंग पर लगने वाला जाम

जासं, पटना : अटल पथ पर फ्लाईओवर के नीचे राजीव नगर क्रासिंग पर सुबह और जाम लगने वाला जाम लोगों के लिए जंजाल बन गया है। सुबह सात से दोपहर 12 और शाम साढ़े पांच से रात नौ बजे तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। गुरुवार को भी हर रोज की तरह वाहन चालक परेशान रहे। सौ मीटर की दूरी तय करने में घंटा भर से ज्यादा समय लग रहा था। वहीं, जाम छुड़ाने में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के पसीने छूट रहे थे। दरअसल, चौराहे से राजीव नगर और साईं मंदिर से अटल पथ पर बाटल नेक की स्थिति है। दोनों तरफ से एक-एक वाहन आ जा सके, इसके लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी है। लेकिन, बाटल नेक से निकलने में वाहनों को काफी समय लगता है। इससे पीछे लाइन लग जाती है। साईं मंदिर और पाटलिपुत्र इंडस्ट्रियल एरिया की तरफ से एक साथ वाहनों का दबाव पड़ने पर ओवरटेक के कारण वाहन फंस जाते हैं। जिससे जाम विकराल रूप ले लेता है। इसका स्थायी समाधान अब तक नहीं निकाला जा सका, जबकि एंबुलेंस से लेकर अधिकारियों तक के वाहन कतार में सायरन बजाते रहते हैं।